भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

विधि कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4630

जिसका उत्तर बुधवार, 24 मार्च, 2021 को दिया जाना है

कानूनी सलाहकार के पद

4630. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल और तमिलनाडु राज्यों के कार्यक्षेत्र वाले विधि कार्य विभाग , चेन्नै में कई पद रिक्त हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है ;

(ख) क्या मंत्रालय और शाखा कार्यालयों में कानूनी सलाहकार तथा सरकारी वकील के रिक्त पदों को भरने के लिए विधि कार्य विभाग में पर्याप्त संख्या में अधिकारी कार्यरत हैं;

(ग) यदि हां, तो इन पदों तथा रिक्तियों का ब्यौरा क्या है ;

(घ) केरल और तमिलनाडु राज्यों का कार्यक्षेत्र संभाल रहे चेन्नै शाखा कार्यालय में रिक्त कानूनी सलाहकार/सरकारी वकील के पदों की संख्या का ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) क्या विधि कार्य विभाग अथवा उच्चतम न्यायालय में केन्द्रीय एजेंसी अनुभाग के अतिरिक्त प्रभार के साथ विधि कार्य विभाग के शाखा कार्यालयों अथवा संबंधित उच्च न्यायालय में क्षेत्रीय भाषा के विधायी अधिवक्ताओं को नियुक्त करना व्यवहार्य है , और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है ?

उत्तर

विधि और न्या,य, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) से (घ) : विधि कार्य विभाग और चेन्नई में इसकी शाखा सचिवालय में मंजूर पद संख्या और रिक्ति की स्थिति के संबंध में विवरण क्रमशः **उपाबंध-1 और उपाबंध-2** पर दिए गए हैं ।

(ङ) : 30 विधायी परामर्शियों (प्रादेशिक भाषाओं) की मंजूर पद संख्या में से , 21 पद रिक्त हैं और इसलिए विधि कार्य विभाग या विधि कार्य विभाग के अतिरिक्त प्रभार के साथ संबद्ध उच्च न्यायालय के शाखा कार्यालयों या उच्चतम न्यायालय के केंद्रीय अभिकरण अनुभाग में प्रादेशिक भाषा विधायी परामर्शियों को नियुक्त करना संभव नहीं है ।

****

<u>उपाबंध-1</u>

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4630 जिसका उत्तर 24.03.2021को दिया जाना है के भाग (क) से (घ) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण

विधि कार्य विभाग में मंजूर पदसंख्या और रिक्ति की स्थिति का विवरण (तारीख के अनुसार)

क्र.सं.	**पद का नाम**	**मंजूर पद संख्या**	**रिक्त पद**
1.	संयुक्त सचिव और विधिक सलाहकार	13	10*
2.	वरि. सरकारी अधिवक्ता	3	2**
3.	अपर विधिक सलाहकार	20	18
4.	अपर सरकारी अधिवक्ता	9	2
5.	उप विधिक सलाहकार	19	6
6.	उप सरकारी अधिवक्ता	3	1
7.	सहायक विधिक सलाहकार	39	12
8.	सहायक सरकारी अधिवक्ता	4	2
9.	अधीक्षक (विधिक)	16	04
10.	सहायक (विधिक)	32	15
11.	कनिष्ठ अधिवक्ता केंद्रीय सरकार (कनिष्ठ सीजीए)	04	01
	योग	**162**	**73**

* सीबीआई में अभियोजन निदेशक के रूप में

** श्री नितेन चंद्रा अपर सचिव को व.स.अ. के रिक्त पद के विरुद्ध पद के उन्नयन के द्वारा नियुक्त किया गया है।

<u>**उपाबंध-2**</u>

लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4630 जिसका उत्तर 24.03.2021को दिया जाना है के भाग (क) से (घ) के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण

विधि कार्य विभाग की चेन्नई शाखा सचिवालय में मंजूर पदसंख्या और रिक्ति पद का विवरण (तारीख के अनुसार)

पद का नाम	मंजूर पदसंख्या	रिक्त पद
अपर विधिक सलाहकार	1	1
उप विधिक सलाहकार	1	-
सहायक विधिक सलाहकार	2	1
अधीक्षक (विधिक)	1	1
सहायक (विधिक)	3	1
वरिष्ठ पुस्तकालय सूचना सहायक	1	-
वरिष्ठ न्यायालय क्लर्क ग्रेड-1	1	1
न्यायालय क्लर्क	2	1
योग	**12**	**6**

****